3) Psychology Society organised Declamation Contest and Poetic Recitation — 14. 3. 2019

# Dayanand Mahila Mahavidyalaya, Kurukshetra

## Notice

Date: 8-3-19

All the students are hereby informed that Psychology Society is orgainizing an ~~Inter~~ ~~class~~/college level Declamation Contest and Poetic Recitation competition on 14.3.19 at 11:15 a.m/p.m. in the Hall/Seminar Room. Interested students should give their names to the undersigned teachers latest by 13.3.19.

Topics:

1. मानसिक स्वास्थ्य
2. मनोविकार
3. नशीले पदार्थों का दुष्प्रयोग
4. तनाव प्रबन्धन
5. अन्धविश्वास
6. आक्रामकता
7. रुढ़ियुक्तियां
8. लाइफस्टाइल, आहार एवं स्वास्थ्य
9. मनोवैज्ञानिक मुद्दों से सम्बन्धित अन्य विषय

Principal

Mrs Urmila Singh

Urmila Panghal

Dr. Urmila Panghal

Convener

# Participants of Poetic Recitation

1. Anamika BA III (3640) – वक्त नहीं है
2. Vartika BA II 1531420012 – Tension
3. Komal BA II 1531420174 मत करो खुदकुशी
4. Deepa BA II ये है मधुशाला – 1531420091
5. Rekha BA II 1531420030 मत डरो फोबिया से
6. III Chakshu BA II 1531420241 OCD
7. Heena BA II (V) 1614520038 मिर्गी के दौरे
8. Ekta BA II 1531420201 तम्बाकू
9. Comp Nayana Kaushik BA I 2267120162 mania (मेनिया)
10. Preeti BA I 2267120215 तम्बाकू
11. I Sakshi Pundir BA I(V) 2349620020 खुशी की पहचान जरूरी
12. II Sarika BA I(V) 2349620030 कोशिश करने वालों की हार नहीं होती
13. III Tamanna BA III 3614 ये है मधुशाला

Singh

Psychology Society & Psychotherapy & Counselling Society.

Result of Poetic Recitation held on 14.03.2019

Received certificate & Momento

I Prize → Anamika (B.A-III) Anamika

II Prize → Sakshi Pundir (B.A-I Voc.)

III Prize → 1. Chakshu (B.A-II)

2. Tamanna (B.A-III) Tamanna

Consolation Prize → Nayana Kaushik.

Result of Declamation Contest held on 14.03.2019

I Prize → Sonia (B.A-I)

II Prize → Smriti (B.A-II)

Consolation Prize → Kriti (B.A-II)

Himani
14/03/19

Kavita
14/03/19.


PSYCHOLOGY SOCIETY
PSYCHOTHERAPY & COUNSELLING SOCIETY
कुरुक्षेत्र
तमसो मा ज्योतिर्गमय

# दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र
## प्रैस-नोट

आज दिनांक 14.03.19 को दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में श्रीमती उर्मिल सिंह एवं डॉ. उर्मिला पंघाल के निर्देशन में मनोविज्ञान परिषद् तथा मनोचिकित्सा एवं निर्देशन परिषद् के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोरोग विषयों पर भाषण प्रतियोगिता एवं कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्राओं ने अपने वक्तव्य एवं कविता के माध्यम से दुषचिंता, फोबिया, हिस्टीरिया, मिर्गी व तनाव जनित बीमारियों के लक्षण एवं उपचार के बारे में बतलाया। मानसिक स्वास्थ्य, नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव, अंधविश्वास एवं खुदकुशी पर भी छात्राओं ने अपने विचार सांझा कर छात्राओं में जागरूकता लाने का प्रयास किया। इस अवसर पर सुश्री हिमानी व सुश्री कामिता ने निर्णायक मण्डल की भूमिका निभाई। कविता पाठ प्रतियोगिता में कुमारी अनामिका बी.ए. तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, कुमारी साक्षी पूण्डीर बी.ए. प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान पर रही और कुमारी चक्षु बी.ए. द्वितीय वर्ष तथा कुमारी तमन्ना बी.ए. तृतीय वर्ष ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में कुमारी सोनिया बी.ए.प्रथम वर्ष प्रथम रही। कुमारी स्मृति द्वितीय वर्ष ने द्वितीय तथा कुमारी कृति द्वितीय वर्ष ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. विजेश्वरी शर्मा ने विजेता छात्राओं को बधाई दी और कहा कि युवाओं में बढ़ता मानसिक तनाव एवं विषाद चिन्ता का विषय है। तनाव में युवा आत्महत्या जैसा गम्भीर कदम उठा लेते है जो विचारणीय है। नकारात्मक विचार ही मानसिक रोगों को जन्म देते हैं इसलिए युवाओं को सकारात्मक सोच अपनानी चाहिए और जीवन का भरपूर आनन्द उठाना चाहिए।

इस अवसर पर डॉ. उर्मिला पंघाल ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य जीवन का आधार है। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से हमारा प्रयोजन आम लोगों में मानसिक रोगों के सम्बन्ध में फैली भ्रान्तियों को दूर करना है और यह बतलाना है कि शारीरिक रोग की भान्ति मानसिक रोगियों का भी उपचार सम्भव है। इसके लिए समय पर मनोचिकत्सक की सलाह लेनी चाहिए। अंत में मनोविज्ञान तथा मनोचिकित्सा एवं परामर्श परिषद् की संयोजिका श्रीमती उर्मिला सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा छात्राओं को ऐसे आयोजनों में निरन्तर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

Urmila Panghal
14/3/19

60 Audience.

भास्कर (15.03.2019)

# कविता प्रतियोगिता में अनामिका प्रथम

भास्कर न्यूज़ | कुरुक्षेत्र




डीएन कॉलेज में आयोजित भाषण.प्रतियोगिता में अपने विचार रखती छात्रा।

डीएन महिला कॉलेज में गुरुवार को मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोरोग विषयों पर भाषण एवं कविता पाठ प्रतियोगिता कराई गई। इसमें छात्राओं ने चिंता, फोबिया, हिस्टीरिया, मिर्गी व तनाव जनित बीमारियों के लक्षण एवं उपचार के बारे में बताया। मानसिक स्वास्थ्य, नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव, अंधविश्वास एवं खुदकुशी पर भी छात्राओं ने अपने विचार साझा कर छात्राओं में जागरूक करने का काम किया। निर्णायक की भूमिका हिमानी व कामिता ने निभाई। कविता पाठ में बीए तीसरे वर्ष की अनामिका पहले, बीए प्रथम वर्ष की साक्षी पुंडीर दूसरे और बीए दूसरे वर्ष की चक्षु व बीए तीसरे वर्ष की तमन्ना ने तीसरा स्थान हासिल किया। भाषण में बीए प्रथम वर्ष की सोनिया ने पहला, स्मृति ने दूसरा और कृति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. विजेश्वरी शर्मा ने विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर डॉ. उर्मिला पंघाल और उर्मिला सिंह मौजूद रही।

केसरी (15.03.2019)

# मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोरोग विषयों पर करवाई भाषण व कविता पाठ प्रतियोगिता



*कार्यक्रम में भाग लेती प्राचार्या व अन्य।* (अरोड़ा)


कुरुक्षेत्र, 14 मार्च (अरोड़ा): सलारपुर रोड स्थित दयानंद महिला महाविद्यालय कुरुक्षेत्र में उर्मिल सिंह एवं डा. उर्मिला पंघाल के निर्देशन में मनोविज्ञान परिषद तथा मनोचिकित्सा एवं निर्देशन परिषद द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोरोग विषयों पर भाषण एवं कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की। छात्राओं ने अपने वक्तव्य एवं कविता के माध्यम से दुष्चिंता, फोबिया, हिस्टीरिया, मिर्गी व तनावजनित बीमारियों के लक्षण एवं उपचार के बारे में बतलाया।

मानसिक स्वास्थ्य, नशीली दवाइयों के दुष्प्रभाव, अंधविश्वास एवं खुदकुशी पर भी छात्राओं ने विचार सांझा कर जागरूकता लाने का प्रयास किया। इस अवसर पर हिमानी व कामिता ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

कविता पाठ प्रतियोगिता में अनामिका बी.ए. तृतीय वर्ष प्रथम, साक्षी पूंडीर बी.ए. प्रथम वर्ष द्वितीय और चक्षु बी.ए. द्वितीय वर्ष तथा तमन्ना बी.ए. तृतीय वर्ष ने संयुक्त रूप तृतीय रही। भाषण प्रतियोगिता में सोनिया बी.ए. प्रथम वर्ष ने प्रथम, स्मृति द्वितीय वर्ष ने द्वितीय तथा कृति द्वितीय वर्ष ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्राचार्या डा. विजेश्वरी शर्मा ने विजेता छात्राओं को बधाई दी और कहा कि युवाओं में बढ़ता मानसिक तनाव एवं विषाद चिंता का विषय है। डा. उर्मिला ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य जीवन का आधार है।

अमर उजाला (15.03.2019)

## काव्य पाठ में अनामिका , भाषण में सोनिया अव्वल




कुरुक्षेत्र। दयानंद महिला महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोरोग विषयों पर भाषण और कविता पाठ प्रतियोगिता कराई गई। इनका आयोजन मनोविज्ञान परिषद, मनोचिकित्सा एवं निर्देशन परिषद द्वारा किया गया। हिमानी एवं कामिता ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। कविता पाठ में बीए तृतीय की अनामिका प्रथम रही। दूसरे स्थान पर बीए प्रथम की साक्षी एवं बीए दूसरे वर्ष की चक्षु ने प्राप्त किया। वहीं तमन्ना तृतीय रही। भाषण में बीए प्रथम वर्षः की सोनिया ने प्रथम, स्मृति ने दूसरा और कृति ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। प्राचार्या डा. विजेश्वरी शर्मा ने विजेताओं को बधाई दी।

दैनिक जागरण (15.03.2019)

## कविता पाठ प्रतियोगिता में अनामिका रही प्रथम

जासं, कुरुक्षेत्र: दयानंद महिला महाविद्यालय में मनोविज्ञान परिषद द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोरोग विषयों पर भाषण प्रतियोगिता एवं कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

छात्राओं ने अपने वक्तव्य एवं कविता के माध्यम से चिंता, फोबिया, हिस्टीरिया, मिर्गी व तनाव जनित बीमारियों के लक्षण एवं उपचार के बारे में बताया। मानसिक स्वास्थ्य, नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव, अंधविश्वास एवं खुदकुशी पर भी छात्राओं ने अपने विचार सांझा कर छात्राओं में जागरूकता लाने का प्रयास किया। प्रतियोगिता की संयोजक उर्मिल सिंह और डॉ. उर्मिला पंघाल ने बताया कि कविता पाठ में अनामिका ने प्रथम स्थान और साक्षी पूंडीर द्वितीय स्थान पर रही। चक्षु व तमन्ना ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में सोनिया प्रथम, स्मृति ने द्वितीय तथा कृति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर हिमानी व कामिता ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. विजेश्वरी शर्मा ने विजेता छात्राओं को बधाई दी और कहा कि युवाओं में बढ़ता मानसिक तनाव एवं विषाद चिंता का विषय है। तनाव में युवा आत्महत्या जैसा गंभीर कदम उठा लेते हैं जो विचारणीय है।